# विज्ञान समिति, उदयपुर
# मासिक रिपोर्ट

नियमित मासिक प्रकाशन का सतरहवां वर्ष

Estb : 1959
Reg. No. 94 / 68-69

Phone : 0294-2413117, 2411650
E-mail Id : samitivigyan@gmail.com
Website : www.vigyansamitiudaipur.org

अंक 197 | स्वैच्छिक सेवा का 60वां वर्ष | अगस्त 2018


## कार्यकारिणी परिषद बैठक

दिनांक 24 अगस्त को अध्यक्ष **डॉ. केबी शर्मा** की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें 19 सदस्य उपस्थित थे। महासचिव **श्री रमेश चन्द्र भटनागर** ने पिछली बैठक 26 जुलाई का कार्यवाही विवरण पढ़ा जिसे अनुमोदित किया गया। विज्ञान समिति कार्यकारिणी 2018–20 मनोनयन समिति की अनुशंसा को संयोजक **डॉ के एल कोठारी** ने नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव निम्नानुसार रखा–

**संस्थापक एवं मुख्य परामर्शद –** डॉ के एल कोठारी – (स्थाई पद)

**अध्यक्ष –** प्रो. एल एल धाकड़ (पूर्व मनोनीत)

**निवर्तमान अध्यक्ष –** डॉ के बी शर्मा

**भावी अध्यक्ष –** इंजि आर के चतुर (पूर्व मनोनीत 2020–22)

**कार्यकारी अध्यक्ष –** प्रो. महीप भटनागर

**कार्यकारी अध्यक्ष –** प्रो के एल तोतावत (2020–22)

**निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष –** प्रो के पी तलेसरा

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष –** प्रो के एल तोतावत **उपाध्यक्ष –** श्री आर सी भटनागर

**महासचिव –** श्री प्रकाश तातेड़

**सचिव–** डॉ बी एल चावत, श्री शान्ति लाल भण्डारी, श्रीमती शकुन्तला धाकड़, श्री पवन कोठारी **कोषाध्यक्ष –** श्री राजेन्द्र खोखावत

**संयुक्त सचिव –** श्रीमती रेणु भण्डारी, श्रीमती डॉ प्राची भटनागर

**परिषद् सदस्य –** डॉ यशवन्त कोठारी, श्री गणेश डागलिया, डॉ आई एल जैन, डॉ अनुराग तलेसरा, श्री अखिलेश जोशी, श्री मुनीश गोयल, श्री ख्यालीलाल बोहरा, डॉ रणजीत चौधरी, डॉ ए के सचेती, इंजि. श्री एस एल गोदावत, डॉ अपर्णा शर्मा, डॉ सुरेन्द्र छंगाणी, **सलाहकार –** इंजी. एच. वी. पालीवाल, प्रो. सुशीला अग्रवाल, प्रो. एन एल गुप्ता, प्रो एम के भटनागर

**विशिष्ट सलाहकार –** डॉ. आर.एल. जैन(विधि), श्री सुरेन्द्र भटनागर(प्रशा.)

**पदेन सदस्य –**प्रमुख संरक्षक श्री एम.एस. सुराणा, प्रधान संरक्षक सदस्य श्री राजकुमार सुराणा एवं श्री राजेन्द्र बया, ।

उपरोक्त अनुशंसा को कार्यकारिणी ने सर्व सम्मति से स्वीकार किया। नव मनोनीत अध्यक्ष डॉ. एल.एल. धाकड़ ने अपने विचार रखे।

इसी बैठक में चार नए संरक्षक सदस्य स्वीकार किए गए – **प्रो. महीप भटनागर, श्री अविनाश भटनागर, श्री राजेन्द्र खोखावत, श्रीमती डॉ. शैल गुप्ता।**

स्थापना दिवस के विस्तृत कार्यक्रम का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जिसे कुछ सुझावों के साथ स्वीकार किया गया। कार्यकारी अध्यक्ष के आभार के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

## साधारण सभा बैठक

दिनांक 28 अगस्त को सायं 6 बजे आयोजित की गई जिसमें 77 सदस्य उपस्थित थे। इस बैठक में वर्ष भर की प्रगति का संक्षिप्त विवरण दिया गया तथा कार्यकारिणी द्वारा लिए गए विभिन्न निर्णयों की जानकारी दी गई। वर्ष भर के आय–व्यय का लेखा–जोखा भी प्रस्तुत किया गया। एफडी व बैंक बेलेन्स की भी जानकारी दी गई। कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित नई कार्यकारिणी का प्रस्ताव रखा गया जिसे साधारण सभा ने सर्वसम्मति से अनुमोदित किया।

## विज्ञान समिति का 60 वां स्थापना दिवस

दिनांक 28 अगस्त 2018 को सायं 6.30 बजे 'मैरी क्यरी'' सभागार में 60वां स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुर जिला कलक्टर **श्री बिष्णु चरण मल्लिक** एवं अध्यक्ष राज्य शैक्षिक अनुसंधान संस्थान के निदेशक **श्री दिनेश कोठारी** थे। कार्यक्रम में संस्थान के संस्थापक **डॉ. के.एल. कोठारी,** कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** एवं महासचिव **श्री आर सी भटनागर,** पूर्व अध्यक्ष **इंजी. एच वी पालीवाल** एवं **डॉ. एल. एल. धाकड़** मंच पर उपस्थित थे।






कार्यक्रम के प्रारम्भ में दीप प्रज्ज्वलन के बाद विज्ञान समिति के संस्थापक **डॉ. के. एल. कोठारी** ने विज्ञान समिति के चरणबद्ध विकास, विज्ञान प्रचार प्रसार, लोक विज्ञान प्रकाशन, यूआईटी से भूखण्ड आवंटन एवं भौतिक विकास, महिला सशक्तीकरण क्षेत्र में ईडारा के अंतर्गत सघन कार्य, वन विकास, ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास, मशरुम, वर्मी कम्पोस्ट, मासिक प्रकाशन, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आदि प्रवृत्तियों की जानकारी दी।

इस स्थापना दिवस पर प्रतिभा एवं विशिष्ट जन सेवा सम्मान का भी आयोजन किया गया। इसी समारोह में जस्टिस कान्ता भटनागर पुरुषार्थी पुरस्कार ग्राम पछमता की **श्रीमती लक्ष्मी शर्मा** को दिया गया।










सम्प्रेरक : डॉ. के.बी. शर्मा, अध्यक्ष; डॉ. के.पी. तलेसरा, कार्यकारी अध्यक्ष; रमेश चन्द्र भटनागर, महासचिव

समन्वयक : डॉ. के.एल. कोठारी      सम्पादक : श्री प्रकाश तातेड़




**विज्ञान समिति कार्यकारिणी परिषद 2018–20**

समिति की परम्परा के अनुरूप गजलकार **डॉ. प्रेम भण्डारी,** वेद शास्त्री **श्री अशोक आर्य**, विख्यात तैराक **श्री जगदीश तेली** को **विशिष्ट प्रतिभा सम्मान** एवं **रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मेवाड़** को **जनसेवा सम्मान** प्रदान किया गया। समारोह में राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक परीक्षाओं एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में उदयपुर जिले में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड वर्ष 2018 में उदयपुर जिला स्तर पर छात्रा वर्ग में कक्षा 10वीं की सर्वाधिक अंक प्राप्त(95.67%) **सुश्री कृतिका देवड़ा** सेन्ट जॉर्ज पब्लिक सैकण्डरी स्कूल जामनगर देबारी को डिप्टी कमान्डेन्ट तरूण गुप्ता अवार्ड **श्रीमती डॉ. शैल गुप्ता** द्वारा तथा **श्रीमती लेहरीबाई तोलाराम डागलिया स्मृति स्वर्णपदक श्री गणेश डागलिया** द्वारा प्रदान किया गया। **इंजी. शांतिप्रकाश मित्तल एवं श्रीमती स्नेहलता मित्तल एवं श्री गणेश डागलिया** द्वारा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान वर्ष 2018 में उदयपुर जिला स्तर पर छात्रा वर्ग में 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त **सुश्री दीपिका राणावत** विज्ञान संकाय, **सुश्री लविशा नागदा** वाणिज्य संकाय एवं **सुश्री तनीक्षा कुमारी पुरोहित** कला संकाय को प्रदान किया गया।

मातृ मंगल ट्रस्ट उदयपुर द्वारा श्रीमती प्रेमलता बया स्मृति सम्मान केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड वर्ष 2018 में उदयपुर जिला स्तर पर छात्रा वर्ग में 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त **सुश्री तोषी सुखववाल** (96.4%) विज्ञान संकाय, **सुश्री संजना चण्डाल्या** (97.2%) वाणिज्य संकाय एवं **सुश्री गार्गी नन्दवाना**(98.2%) कला संकाय को **श्री राजेन्द्र बया** द्वारा पुरस्कार एवं गोल्ड मेडल **श्री गणेश डागलिया** द्वारा प्रदान किया गया। इसी के साथ सभी को प्रशस्ति–पत्र, सम्मान राशि आदि देकर प्रोत्साहित किया गया। **श्रेष्ठ बौद्धिक प्रदर्शन :** विज्ञान समिति परिवार से **श्री धर्मेन्द्र वैष्णव** पुत्र **श्री कैलाश वैष्णव** को अपशिष्ट प्रबन्धन इनोवेशन प्रदर्शन में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान एवं इंफोसिस में ट्रेनी सिस्टम इंजीनियर पर चयन, **सुश्री महिका दीपक झोटा (97%)** कक्षा 12वीं वाणिज्य सीबीएसई बोर्ड में जिला स्तर पर द्वितीय स्थान एवं **श्री पुलकित बाँठिया (96.8%)** कक्षा 12वीं वाणिज्य सीबीएसई बोर्ड जिला स्तर पर तृतीय स्थान पाने पर प्रदान किए गए।

**विज्ञान समिति के कार्यो में विशिष्ट योगदान हेतु सम्मान –डॉ. आईएल जैन** वरिष्ठ फिजिशियन एवं कार्डियोलोजिस्ट को विज्ञान समिति में प्रतिमाह के तृतीय रविवार को आयोजित चिकित्सा सेवा हेतु प्रदान किया गया। विज्ञान समिति के आजीवन सदस्यों को विशेष योगदान हेतु **डॉ. एन.एल. कच्छारा, श्री मुनीश गोयल, श्री राजेन्द्र खोखावत एवं श्री शांतिलाल भण्डारी** को भी सम्मानित किया गया। **श्री राजेन्द्र बया** को मुख्य संरक्षक सदस्य एवं **श्री रोशनलाल चित्तौड़ा** को विशिष्ट संरक्षक सदस्य बनने हेतु सम्मानित किया गया। इसी समारोह में संरक्षक सदस्य **डॉ. महीप भटनागर, डॉ. विभा भटनागर, डॉ. शैल गुप्ता श्री राजेन्द्र खोखावत एवं श्री अविनाश भटनागर** को भी सम्मानित किया।

**नए आजीवन सदस्यों का स्वागत – श्री प्रकाश चन्द्र कंठालिया** पूर्व प्रोफेसर मृदा विज्ञान, एमपीयूएटी उदयपुर, **इंजी ओमप्रकाश सोनी** पूर्व चीफ इंजीनियर खान एवं भू विज्ञान विभाग उदयपुर एवं **इंजी. हेमन्त तोतावत** सहायक अभियन्ता एवीवीएनएल का भी सम्मान किया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि जिला कलक्टर उदयपुर **श्री बिष्णु चरण मल्लिक** ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज देश के विकास में स्वैच्छिक संस्थाओं का अत्यधिक योगदान है और ये संस्थाएं ही विकास का सर्वोत्तम माध्यम है। विज्ञान समिति विविध क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए एसआईईआरटी के निदेशक **श्री दिनेश कोठारी** ने कहा कि समिति का 60वर्ष का सफर शानदार रहा है। इस दौरान समिति ने जनसेवा के अनेक कार्य एवं पीड़ितों को सहायता प्रदान की है जो सराहनीय है।

**नवीन वेबसाईट का लोकार्पण –** मुख्य अतिथि जिला कलक्टर **श्री बिष्णु चरण मल्लिक** ने समिति की वेबसाईट के नवीन संस्करण का भी लोकार्पण किया। **श्री अविनाश भटनागर** ने इस संस्करण नवीनीकरण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विज्ञान समिति की सत्र 2018–20 की नई कार्यकारिणी की पदस्थापना की गई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष **डॉ. एलएल धाकड़** ने आगामी वर्षों में विज्ञान समिति की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्रस्तुत की। निवर्तमान कार्यकारी अध्यक्ष **डॉ. के.पी. तलेसरा** ने आभार व्यक्त किया। स्नेहभोज के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## विज्ञान लोकप्रियकरण

● **लोकविज्ञान प्रकाशन** : अगस्त माह में भारत के प्राचीन वैज्ञानिक –आर्यभट्ट, दिल एक मन्दिर, भू–जल संरक्षण एवं पनुर्भरण, प्रसन्नता का विज्ञान, विटामिन बी बचाएगा वायु प्रदूषण से आदि लेख प्रकाशित हुए।

● **एमपीयूएटी एवं विज्ञान समिति साझा कार्यक्रम :**

**आदर्श ग्राम विकास – देवाली :** विज्ञान समिति एवं एमपीयूएटी के साझे कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम में दिनांक 21.08.2018 को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में कृषक गोष्ठी एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम सुबह 11:00 बजे आयोजित किया गया।

एमपीयूएटी प्रतिनिधि **डॉ आरए कौशिक, डॉ जी एस तिवारी,** विज्ञान समिति की ओर से **डॉ के एस कोठारी, डॉ जी एस आमेटा, डॉ के पी तलेसरा, श्री शान्तिलाल भण्डारी, श्री शान्तिलाल गोदावत, श्री आर.सी. भटनागर, श्री मुनीश गोयल, डॉ यशवंत कोठारी, श्रीमती पुष्पा कोठारी, डॉ. प्राची भटनागर, श्रीमती मंजुला शर्मा,** भारत विकास परिषद् 'सुभाष' के सदस्य –**श्री राजेन्द्र खोखावत, श्री लालचन्द जैन, श्री डी एस राठौड़, श्री एम पी व्यास।** ग्रामवासी **श्री इन्दरसिंह, भंवर सिंह, श्री घीसू मेघवाल** के अतिरिक्त 15 पुरुष व 20 महिलाएं थीं। विद्यालय की ओर से प्रधानाध्यापक **श्री उपेन्द्र कुमार** मीणा एवं सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारम्भ कृषक गोष्ठी से हुआ जिसमें सर्वप्रथम **डॉ आर. ए. कौशिक, डॉ. जी.एस. तिवारी, डॉ. यशवन्त कोठारी, डॉ. जी.एस. आमेटा एवं डॉ. के.एल. कोठारी** ने उन्नत कृषि एवं उद्यानिकी सम्बन्धी विचार प्रस्तुत किए। डॉ. तिवारी 31 अगस्त को सेवानिवृत हो रहे हैं। उनके मंगलमय भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विद्यालय की आवश्यकतानुसार उन्हें एक हारमोनियम तथा ढोलक विज्ञान समिति के वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ एवं नवाचार महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त सौजन्य से दिए गए।

तीसरा कार्यक्रम विद्यालय में ही भारत विकास परिषद द्वारा उपलब्ध कराए गए 20 पौधों का रोपण किया गया जिसमें मुख्य रूप से शीशम था। परिषद् की ओर से **श्री राजेन्द्र कुमार खोखावत** व उनके चार साथियों की प्रशंसनीय भागीदारी रही। पौधों की गुणवत्ता व आकार की सभी लोगों ने प्रशंसा की।

## महिला सशक्तीकरण

● **नवाचार महिला प्रकोष्ठ -** नवाचार प्रकोष्ठ की दो दिवसीय पिकनिक 31 जुलाई एवं 1 अगस्त को बामनवाड़ी, मांडोली, दधिया जी, भीनमाल, सुन्धा माता जी गई। 38 सदस्याओं ने भाग लिया। इस आयोजन का प्रबन्धन **श्रीमती पुष्पा कोठारी** के नेतृत्व में समूह की सक्रिय महिलाओं ने किया।

● **वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ -** अगस्त माह की गतिविधि के रूप में लेकसिटी मॉल स्थित सिनेमाघर में दिनांक 22 अगस्त को चलचित्र 'गोल्ड' का 86 महिलाओं ने अवलोकन किया। सभी ने इस फिल्म से यह संदेश प्राप्त किया कि टीम व देश भक्ति भावना से प्रतिकूल परिस्थितियों में भी विजय प्राप्त की जा सकती है।

●**ग्रामीण महिला चेतना शिविर -** इस समूह में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. एल.एल. धाकड़ एवं डॉ. सुरेन्द्र छंगानी** ने उद्बोधन प्रदान किए। **डॉ. के.एल. कोठारी** ने विज्ञान समिति के कार्यक्रमों के साथ लहर मासिक पत्रिका, जीवन पच्चीसी के कार्यक्रम पर चर्चा की। **डॉ. एल.एल. धाकड़** ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को ज्ञानवर्धन वार्ता से लाभान्वित किया। वरिष्ठ पशु चिकित्सक **डॉ. सुरेन्द्र छंगानी** ने पशुपालन के महत्व एवं ग्रामीण क्षेत्र में पशुधन से आर्थिक उन्नयन एवं प्रबन्धन पर अपने विचार प्रदान किए। उन्होंने सुझाव दिया कि पशुओं को एक मुट्ठी नमक रोज खिलाना चाहिए। पशुओं को हर तीन माह में कीड़े आदि की दवाई पिलाई जानी चाहिए एवं उनका टीकाकरण भी समय–समय पर कराया जाना चाहिए।

**श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को घरेलू नुस्खों पर प्रेरणात्मक जानकारी प्रदान की। **श्रीमती शकुन्तला धाकड़** ने शिक्षाप्रद कहानी सुनाई। **श्रीमती रेणु भण्डारी** ने लहर मासिक पत्रिका पर चर्चा कर पत्रिका का वितरण किया। **श्रीमती मंजुला शर्मा** ने महिलाओं को समय पर आने का आह्वान किया। नान्देवेल की **श्रीमती बसन्ती** ने सिलाई मशीन के लिए 1000/–रु. जमा कराए। चन्देसरा व टूस की महिलाओं ने ऋण की किस्तें जमा कराई।

● **सिलाई प्रशिक्षण शिविर नांदवेल का समापन एवं टूस डांगियान में आँगनवाड़ी केन्द्र पर 32 पोशाक वितरण एवं एक विद्यालय को सिलाई मशीन भेंट दिनांक 22–08–2018** – महावीर इंटरनेशनल एवं विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर दोनों गांवों में 200–200 अभ्यास पुस्तिकाएं भी निःशुल्क प्रदान की गई।

प्रशिक्षण में महिलाओं द्वारा की गयी सिलाई का मूल्यांकन किया गया एवं प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहने वाली महिलाओं को क्रमशः 300 रु., 200 रु. व 100 रु. का पारितोषिक वितरण महावीर इन्टरनेशनल की ओर से किया गया। सिलाई प्रशिक्षण की मानदेय राशि रु. 3000/– प्रशिक्षिका **सोनिया मेघवाल** को दी। दोनों कार्यक्रम में हमारी प्रचेता श्रीमती हंसा सेना उपस्थित रही। विज्ञान समिति से **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. बी.एल. चावत, डॉ. प्राची भटनागर, श्रीमती मंजुला शर्मा** एवं महावीर इंटरनेशनल से **श्री बी.एल. खमेसरा, श्री दलपतसिंह भंसाली, श्री प्रकाश सामर** उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य सेवाएं

**निःशुल्क एक्यूप्रेशर शिविर :** प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायं 5 से 6.30 बजे तक सफलतापूर्वक आयोजित हो रहे हैं। अगस्त माह में 10 शिविर आयोजित हुए जिसमें 127 दर्द पीड़ितों की चिकित्सा की गई। सभी उपचारकों का प्रशंसनीय योगदान रहा। आभार।

**श्री बिजयकुमार सुराणा स्मृति निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर :** विज्ञान समिति में **62वां शिविर** दिनांक 19 अगस्त 2018 को आयोजित किया गया। इस चिकित्सा शिविर में **डॉ. आई.एल. जैन, डॉ. एच.एल. खमेसरा डॉ. अनुराग तलेसरा, डॉ. भानुप्रकाश वर्मा ईएनटी विशेषज्ञ, डॉ. ए.के. बापना वरिष्ठ फिजिसियन, डॉ. शैल गुप्ता एवं ,एक्यूप्रेशर के श्री एल.एन शर्मा, श्री ललित पोरवाल, दर्शन डेंटल कॉलेज की** दंत चिकित्सकीय टीम एवं इनके साथ ही मधुमेह, बीपी, बीएसए एवं सोडियम की जांच भी की गई।

इस शिविर में 105 रोगियों को उपचार एवं चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया। शिविर में विज्ञान समिति, महावीर इंटरनेशनल, इनरव्हील, अणुव्रत समिति आदि संस्थाओं के सदस्यगण उपस्थित थे। सभी के प्रति आभार।

## स्वतन्त्रता दिवस समारोह

विज्ञान समिति परिसर में दिनांक 15 अगस्त 2018 को प्रातः 11 बजे स्वतन्त्रता दिवस का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि दानवीर **श्रीमान् राजेन्द्र बया** थे। **डॉ एल एल धाकड़** ने मुख्य अतिथि का जीवन परिचय प्रदान किया। उनके द्वारा डॉ डी सी कोठारी सभागार को एसी हॉल में परिवर्तन हेतु दिये गये आर्थिक सहयोग के लिये धन्यवाद प्रदान किया। इस आयोजन में **सुश्री आशना कावड़िया, डॉ. बी.एल. चावत** एवं **श्री इन्द्र देव आर्या** ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। विज्ञान समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ के पी तलेसरा ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि **श्री राजेन्द्र बया** ने उद्बोधन में बताया कि देश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए **व्यक्ति को अर्जन के साथ विसर्जन भी करना चाहिए।** डॉ के एल कोठारी ने आगामी 28 अगस्त को आयोजित स्थापना दिवस के बारे में जानकारी प्रदान की। **डॉ के पी तलेसरा** ने आभार व्यक्त किया।

## दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ एवं प्रबुद्ध चिंतन प्रकोष्ठ का आयोजन –

25 अगस्त को आयोजित बैठक में **डॉ. सुरेन्द्र पोखरणा** अहमदाबाद ने 'विज्ञान और अध्यात्म' तथा सृष्टि का TDVP मॉडल पर पावर पॉइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तृत वार्ता प्रस्तुत की। आपने बताया कि वैज्ञानिक प्रगति हमारे पर्यावरण को हानि पहुंचा रही है और अध्यात्म के मूल सिद्धान्तों जैसे अहिंसा के विपरीत है। डॉ. पोखरणा ने विदेशी विद्वानों के शोध का जिक्र किया और कहा कि वैज्ञानिक अब चेतना को मान्यता देने लगे हैं। एक सार्वभौमिक सिद्धान्त भी प्रस्तुत किया जो जीव व अजीव जगत में होने वाली क्रियाओं की व्याख्या करता है। इस मॉडल में तथा जैन दर्शन के सिद्धान्तों में बहुत समानता है।

## केलवा प्रोजेक्ट

● श्रद्धा का जुलाई माह का अंक प्रकाशित एवं वितरित हुआ। भावना का महत्व–शुभ विचार को शीघ्र कार्यान्वित करना चाहिए, पतंजलि का अष्टांग योग, विलक्षण जैन मुनि आचार्य विद्यासागर जी, जैन विश्वविद्यालय बेंगलुरू, रोबोटिक सर्जरी आदि लेख प्रकाशित हुए।

## अन्य कार्यक्रम

●6 अगस्त को पिरामिड स्प्रीच्यूल सोसायटी मूवमेन्ट भारत (दिल्ली) से **श्रीमती जोशी एवं श्रीमती विद्या गुप्ता** ने ध्यान द्वारा स्वस्थ रहने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला एवं 25 मिनिट का प्रायोगिक ध्यान भी कराया।

● 11 अगस्त को विज्ञान समिति की अनुशंसा पर महावीर इंटरनेशनल द्वारा विजनवास की 9वीं कक्षा की **सुश्री ललिता सालवी** को पढ़ाई के लिए 7000रु का चैक विज्ञान समिति के प्रांगण में प्रदान किया गया। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष श्री बी.एल. खमेसरा का आभार।

● 15 अगस्त को फतहसागर पाल पर नगर निगम द्वारा नगर के तीन प्रतिष्ठित शिक्षाविद् **डॉ. डी.एस. कोठारी, श्री मोहनसिंह मेहता एवं पं. जनार्दन राय नागर** की मूर्तियों का अनावरण गृहमंत्री श्री गुलाबचन्द कटारिया द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान समिति से **डॉ. के.एल. कोठारी, डॉ. यशवन्त कोठारी, मुनीश गोयल, श्रीमती पुष्पा कोठारी** ने भाग लिया।

## सदस्यों सम्बन्धी

●हमारे अध्यक्ष **डॉ. के.बी. शर्मा** की पुस्तक 'संघर्ष के स्वर' का विमोचन 16 अगस्त को सायंकाल अलका होटल में एक भव्य समारोह में किया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने तथा परिवार के सदस्यों ने डॉ. शर्मा के व्यक्तित्व और कर्तृत्व पर प्रकाश डाला। 87वें वर्ष में चल रहे डॉ. शर्मा व्यक्तिगत पारिवारिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक जीवन बुलन्द रहा है। इस अवसर पर उन्हें अपनी बड़ी बेटी **श्रीमती यामिनी** के पौत्री जन्म होने से उन्हें स्वर्ण सीढ़ी चढ़ाई गई। इस कार्यक्रम में उनके परिवारजनों के साथ अनेक मित्र एवं सहयोगी उपस्थित। **डॉ के.एल. कोठारी** ने अपनी 66वर्षीय मित्रता की कुछ महत्वपूर्ण बातें बताई। डॉ. एल.एल. धाकड़ ने भी अपने विचार रखे। विज्ञान समिति द्वारा उनका सम्मान किया गया।

●हमारे युवा संरक्षक सदस्य **श्री पवन कोठारी** ने अपनी कॉलोनी स्वामी नगर भुवाणा में 100 वृक्षारोपण किए तथा उनकी सुरक्षा हेतु अपनी ओर से ट्री गार्ड उपलब्ध कराए जो प्रशंसनीय है।

●हमारे संरक्षक सदस्य **श्री गणेश डागलिया** अणुव्रत समिति उदयपुर एवं हनुमान समिति, अशोकनगर के पुनः अध्यक्ष चुने गए। हार्दिक बधाई


●हमारे विशिष्ट सरंक्षक सदस्य **डॉ. यशवन्त कोठारी** विकलांग कल्याण समिति के अध्यक्ष चुने गए। सादर बधाई। इसी समिति के संयुक्त सचिव प्रो. के.पी. तलेसरा चुने गए उन्हें भी हार्दिक बधाई।

● हमारी संयुक्त सचिव **डॉ. प्राची भटनागर** को ए.आई.आई.एम.एस. नई दिल्ली में ओरल प्रजेन्टेशन का द्वितीय पुरस्कार एवं 7000 रु की पुरस्कार राशि भी प्राप्त हुई। हार्दिक बधाई।

# विनयांजलि



श्रमण संघ के बहुप्रभावी संत रूप मुनि 'रजत' का 18 अगस्त 2018 को देवलोकगमन हो गया। आपने बाल जीवन में दीक्षा लेकर 95वें वर्ष तक अत्यन्त प्रभावी संत रहे। समाज के लिए आपका अनेक वृद्धाश्रम, चिकित्सालय व गोशालाओं का योगदान प्रमुख है। सादर विनयांजलि।



दिगम्बर परम्परा के राष्ट्रीय संत मुनि तरूण सागर जी का 1 सितम्बर 2018 को मात्र 51 वर्ष की उम्र में देवलोकगमन हो गया। यह एक बिरले ही संत थे। कड़वे प्रवचनों के लिए प्रसिद्ध थे। उनके इन प्रवचनों की दस पुस्तकें छप चुकी है। संत सर्व समाज के लिए कार्य करते थे और बहुत प्रभावी ढंग से प्रवचन देते थे। लाल किले पर उनका प्रवचन देश के लिए एक गौरव की बात थी। लोकसभा में भी उनका प्रवचन हुआ। आप की अदालत में भी उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी। ऐसे महान संत के चले जाने से देश को एक भारी क्षति हुई है। सादर विनयांजलि।

दोनों संतों के गुणानुवाद का कार्यक्रम 3 सितम्बर को विज्ञान समिति में आयोजित किया गया।

## आर्थिक सहयोग

**सामान्य सहयोग**–श्री मुनीश गोयल रु 10,000 डॉ. वाय एस कोठारी रु 25,600 श्री अविनाश भटनागर रु 11,000, श्रीमती ज्योति भटनागर रु 10,000

**छात्रवृति हेतु –** श्री एस.पी. मित्तल रु. 6000, श्री आरसी भटनागर रु 4,000, मातृ मंगल ट्रस्ट रु 6,000

**सदस्य वार्षिक सहयोग –** श्री आर सी भटनागर रु. 2,000

**संरक्षक सदस्यता–** डॉ. शैल गुप्ता रु. 21,000

**अन्य सहयोग –** डॉ. आई.एल. जैन ने बी.पी. उपकरण व स्टेथोस्कोप चिकित्सा शिविरों के लिए भेंट किए । सादर आभार।

सभी सहयोगकर्ता के प्रति हार्दिक आभार।

## अपील

- कार्यकारिणी के निर्णयानुसार प्रत्येक सदस्य को एक हजार रु. प्रतिवर्ष समिति की गतिविधियों के लिए देना है। इस निर्णय का चौथा वर्ष पूर्ण हो रहा है। कृपया सहयोग प्रदान करावें।
- निर्माण, स्थायी कोष (कोरपस फंड), महिला समृद्धि कोष, छात्रवृत्ति कोष एवं अभावग्रस्त सहयोग फंड के लिए भी आर्थिक सहयोग अपेक्षित है।

**बुक-पोस्ट**

प्रेषक : विज्ञान समिति, रोड़ नं. 17, अशोक नगर, उदयपुर

सेवा में

## जन्मदिन की बधाइयाँ





श्री मुनीश गोयल एवं श्रीमती शकुन्तला धाकड़ का जन्म दिन 4 अगस्त को मनाया।

**September**

| | |
|---|---|
| Sh. Ranjeet Choudhry | 01/09 |
| Sh. S.L. Nalwaya | 05/09 |
| Sh. Arvind Mehta | 14/09 |
| Sh. SL Bhandari | 15/09 |
| Sh. Bhimandas Talreja | 15/09 |
| Sh.R.K.Chatur | 16/09 |
| Sh.Rakesh Samar | 16/09 |
| Dr. Anurag Talesara | 22/09 |
| Sh. Prakash Jain | 24/09 |
| Sh. J.S.Pokharna | 24/09 |
| Dr.Yogesh Joshi | 30/09 |




**Octomber**

| | |
|---|---|
| Sh.K.S. Nahar | 05/10 |
| Sh. R.C. Bhatnagar | 09/10 |
| Dr. Yogesh Atal | 09/10 |
| Sh.Sanjay Kothari | 10/10 |
| Prof. G.S. Ameta | 14/10 |
| Sh. Avant K. Sacheti | 16/10 |
| Sh. K.L. Bohra | 18/10 |
| Smt. Rekha Paliwal | 19/10 |
| Sh. Ravindra Bhatnagar | 19/10 |
| Sh. Ganesh Dagliya | 20/10 |
| Sh. B.S. Bhandari | 27/10 |
| Sh. M.S.Surana | 30/10 |

## विज्ञान समिति के सितम्बर माह के कार्यक्रम

- **मासिक प्रकाशन :** लोकविज्ञान, लहर तथा मासिक रिपोर्ट का नियमित प्रकाशन
- **नियमित स्वास्थ्य सेवाएं** ❑ एक्यूप्रेशर चिकित्सा : प्रत्येक गुरुवार व शनिवार को सायंकाल 5 से 6.30 समिति परिसर में। ❑ श्री बिजय कुमार सुराणा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर : समिति परिसर में तीसरे रविवार 16 सितम्बर 2018 प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक।

| मासिक गतिविधियां | दिनांक | समय |
|---|---|---|
| **नियमित** | | |
| * कृषि वि.वि. साझा कार्यक्रम के अंतर्गत देवाली ग्राम | निर्णयानुसार | |
| * नवाचार महिला प्रकोष्ठ | सोमवार 10 सितम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| * वरिष्ठ महिला प्रकोष्ठ | गुरुवार 20 सितम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| * दर्शन विज्ञान प्रकोष्ठ | शनिवार 08 सितम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| * ग्रामीण महिला चेतना शिविर | शनिवार 29 सितम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |
| **विशिष्ट** | | |
| * मुनियों का गुणानुवाद | सोमवार 03 सितम्बर | प्रातः 11.00 बजे से |

सौजन्य :– श्रीमान् मदनसिंह जी–श्रीमती लीला जी सुराना, 8–सी, मधुबन, उदयपुर (वर्तमान में हांगकांग)